बाघ को पकड़ने के लिए लगे विशेषज्ञों व वन विभाग की घोर लापरवाही सामने आई

रहमानखेड़ा में मचान से दस मीटर दूर बाघ ने पड़वे का किया शिकार

बाघ का खौफ

- विशेषज्ञों की आंखों के सामने से गुजरा, मचान पर नहीं थी टीम
- शिकार को जाल के नीचे से निकालकर ले गया जंगल
- 01 माह में चौथी बार ट्रैप कैमरे में दिखाई दिया जानवर

काकोरी, संवाददाता। एक माह में चौथी बार ट्रैप कैमरे में सोमवार सुबह साढ़े सात बजे बाघ कैद हुआ, लेकिन कौतूहल इतना ज्यादा रहा कि विशेषज्ञ बाघ को ट्रैंकुलाइज नहीं कर सके। ऐसे में रहमान खेड़ा मरूस्थान में बाघ को पकड़ने के लिए लगी विशेषज्ञों व वन विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। संस्थान के बेल वाले ब्लॉक में बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम 900 मीटर के दायरे में जाल बांधकर खुले स्थान पर पड़वे को बांधकर बाघ के आने का इंतजार करती रही।

सोमवार की तड़के सुबह बाघ आया और पड़वे का शिकार कर मार डाला और शिकार को खींचकर जाल के नीचे से निकालकर जंगल की घनी झाड़ियों में खींचकर ले गया। इस दौरान बाघ ट्रैप कैमरे में कैद हो गया। निगरानी कर रही टीम ने पड़वे को मारने देख हथिनियों के जरिये घने जंगल में कॉम्बिंग की जहां दो घंटे की कॉम्बिंग के बाद पड़वे का शव पड़ा मिला। दोनों हथिनियों ने लगभग चार से पांच घंटे तक बाघ की तलाश की लेकिन बाघ को नहीं खोज सकीं। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा बेमुरी ने संस्थान के जोन एक का निरीक्षण कर बाघ के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए दिशा निर्देश दिए।

डायना और मुल्लोचना को देखकर बाघ भाग निकला: डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि बाघ को मूवमेंट बेल वाले ब्लॉक में होने का अनुमान लगाकर बेल वृक्षारोपण वाले स्थान को चारों तरफ से 900 मीटर जाल से घेरा गया और खुले स्थान पर पड़वे को बांधकर विशेषज्ञ डॉक्टर और वन विभाग की टीम दूरबीन से निगरानी कर रही थी। तभी सुबह साढ़े सात बजे के आसपास बाघ ने पड़वे का शिकार कर कुछ हिस्सा खा लिया। डायना और मुल्लोचना ने बाघ की गंध का पीछा करते हुए पांच से छह किमी के दायरे में कॉम्बिंग की। जंगल से पड़वे के शव को निकालकर मचान के पास रख कर निगरानी की जा रही है। पांच से छह किमी के दायरे में गाड़ियां खड़ी कर घेराव किया गया है ताकि बाघ जोन एक से निकलकर भाग न सके। जंगल के जोन एक में बाघ दिखा लेकिन कॉम्बिंग कर रही हथिनियों डायना और मुल्लोचना को देखकर शिकार खा रहा बाघ भाग निकला। काफी दूर तक हथिनियों ने बाघ का पीछा भी किया लेकिन बाघ कहीं नहीं दिखा।

रहमानखेड़ा में कैमरों में कैद हुए बाघ के बीच वन विभाग के अफसरों और कर्मचारियों ने मीटिंग का जायजा लिया।

ट्रैंकुलाइजर टीम मचान पर नहीं थी

डीएफओ ने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े सात बजे बाघ ने मचान से महज दस मीटर की दूरी पर बंधे पड़वे का शिकार कर लिया। शिकार के समय मचान पर टीम नहीं थी। पड़वे के आसपास मार्कीय गाड़ियों ने ही इसके लिए मचान पर कोई टीम तैनात नहीं थी। गाड़ियां दूर खड़ी कर दूरबीन के जरिये शिकार पर नजर रखी जा रही थी। बाघ बहुत शक्तिशाली जानवर होता है। घने दोहरे व कम दृश्यता के कारण बाघ को ट्रैंकुलाइज नहीं किया जा सका। मृत पड़वे के शरीर को मचान के पास रखकर मचान के जरिये निगरानी की जा रही है।

जंगल में लगी कैमरे में कैद हुआ बाघ।

माल में दरोगा और सिपाही की पिटाई कर वर्दी फाड़ी

दुस्साहस

माल, संवाददाता। धनेरा गांव में मारपीट की शिकायत पर सोमवार को पहुंचे दरोगा और सिपाही को आरोपितों ने घेर कर पिटाई कर वर्दी फाड़ दी। दरोगा आरोपितों की करतूत का वीडियो बनाने लगे तो उनका मोबाइल छीनकर तोड़ने की कोशिश की। मारपीट की सूचना पर कुछ ही देर में थाने से बड़ी संख्या में फोर्स पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने दरोगा सिपाही को आरोपितों के चंगुल से छुड़ाकर इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इंस्पेक्टर माल के मुताबिक धनेरा गांव निवासी चारुशी की बेटी ने पड़ोस के कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की थी। सोमवार शाम को सैदापुर चौकी इंचार्ज प्रिंस बालियान सिपाही भागेश कुमार के साथ जांच करने धनेरा गांव पहुंचे थे। वह शिकायत कर्ता से पूछताछ कर रहे थे तभी आरोपित महावीर आ गया। दरोगा ने उसका पक्ष लेने के लिए पूछताछ की तो वह गाली गलौज करने लगा। पुलिस द्वारा विरोध जताने पर महावीर ने शोर मचाकर परिवार के अन्य लोगों को बुला लिया। वह सिपाही भागेश कुमार से मारपीट करने लगे। दरोगा प्रिंस बालियान ने बीच बचाव की कोशिश की तो दबंगों ने उनपर हमला कर दिया। दरोगा का फोन तोड़ने का प्रयास किया। छीना झपटी में उनकी वर्दी फट गई। उन्होंने घटना की सूचना थाने पर दी। इंस्पेक्टर माल विनय चतुर्वेदी ने बताया कि चौकी प्रभारी व सिपाही से अभद्रता पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिसकर्मी से मारपीट करता युवक।

शहर 30s

आईआईएम रोड पर सात दुकानें धधकीं

काकोरी। दुबग्गा के आईआईएम रोड स्थित पावर हाउस चौराहे पर सड़क किनारे बनी सात दुकानों में आग लग गई। दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया खुद निवासी विष्णु राजपूत भाई करन और अर्जुन की साथ सब्जी बेचते हैं। आईआईएम रोड पर पावर हाउस चौराहे के पास शहीद स्मृति उद्यान की खालीदीवारी के किनारे उनकी सब्जी की दुकान है।

अनी बुलियन के निदेशक की अर्जी खारिज

लखनऊ। निवेशकों का जमा धन वापस न लौटाने एवं धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए हड़पने के आरोपी अनी बुलियन कंपनी के निदेशक संतोष गुप्ता की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश हरवंश नारायण ने खारिज कर दी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयशंकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट अरुण प्रताप सिंह ने 16 जुलाई 2020 को पीजीआई थाने पर दर्ज कराई थी।

पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर व्यापारी की मौत

लखनऊ। पीजीआई में रविवार को पतंग उड़ाते समय दूसरे माले से गिरकर किराना व्यापारी गौरव बुधानी (40) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से झारखंड के रहने वाले गौरव बुधानी झारखंड में किराना का दुकान करते थे। वह पीजीआई स्थित सरन मढ़ा रोड पर मित्रता के किराया के मकान में अपनी पत्नी सरिता दो बेटों के साथ रहकर पीजीआई अस्पताल से अपना इलाज कराते थे।

मुफ्त तेल न देने पर दरोगा पुत्र का पंप पर हंगामा

लखनऊ। कृष्णायन योजना सेक्टर-छह स्थित पेट्रोल पंप पर स्कार्पियो में मुफ्त तेल न भरने पर दरोगा पुत्र ने साथी के साथ हंगामा किया। बाकू से गर्दन काट देने की धमकी भी दी। आरोपितों की कानून नौलेटीपी में कैद हो गई। पीजीआई पुलिस ने दरोगा पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णायन योजना सेक्टर छह स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के मैनेजर राजेश कुमार के मुताबिक दो जनवरी की रात में तैलीबाग निवासी मोहित रंजन दोस्त आशीष सिंह के साथ स्कार्पियो में तेल भरवाने आए।

हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की जान गई

लखनऊ। टेढ़ी पुलिया के पास पुल पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई।

आशीयाना निवासी राहुल तिवारी (30) सोमवार रात 11 बजे टेढ़ी पुलिया के पास स्थित पुल पर चढ़ा ही था तभी तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना जोरदार था कि एसयूवी के एयर बैग खुल गए। उधर हादसे के बाद ड्राइवर एसयूवी छोड़कर भाग गया। इंस्पेक्टर निकामनगर के मुताबिक एसयूवी कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है। वहीं, आशियाना में सोमवार सुबह एक एसयूवी दीवार तोड़ते हुए मंदिर में जा घुसी। हादसे में मंदिर में बने कमरे में रहे रहे पुजारी खुशीराम दास व उनका परिवार बाल-बाल बच गया। नशे में धुत कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

कार व ई-रिक्शा को टक्कर मार मंडी में घुसी बस, दो जख्मी

रफ्तार की मार

इटौंजा, संवाददाता। इटौंजा महमूद टोल प्लाजा के पास लखनऊ आ रही प्राइवेट बस आगे चल रही कार और ई- रिक्शा को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे लगी सब्जी मंडी में घुस गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए।

सीतापुर की तरफ से एक प्राइवेट बस सोमवार को सवारी लेकर लखनऊ आ रही थी। सुबह 11 बजे बस सीतापुर रोड पर सब्जी मंडी के पास पहुंची तभी अनियंत्रित हो गई। बस आगे चल रही कार और ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर से ई- रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पर सब्जी लादकर जा रहे सब्जी विक्रेता इंदिरानगर निवासी राजू के दोनों पैर को कुचलते हुए आगे निकल गई। सब्जी खरीद रहे इटौंजा निवासी राजबहादुर को टक्कर मार दी। पकड़े जाने के डर से बस ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला।

एंबुलेंस के इंतजार में तड़पता रहा घायल: हादसे में राजू के दोनों पैर कुचल गए। दुकानदारों ने कई बार फोन किया पर एंबुलेंस नहीं आई। एक घंटे तक राजू सड़क किनारे दर्द से कराहता रहा। काफी इंतजार के बाद दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

किसान पथ पर ट्रक और डीसीएम भिड़े, एक घायल

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित किसान पथ पर सोमवार की भोर के बीच ओवरटेक करते समय ट्रक व डीसीएम में टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम ड्राइवर मामूली चोटिल हो गया। फसीन ड्राइवर ट्रांसिंग के पास सोमवार सुबह आठ बजे ट्रक व डीसीएम में टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम ड्राइवर सुरज यादव चोटिल हो गया।

फुटेज में गोली चलाते दिखा प्रॉपर्टी डीलर, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। चौधरी इन्क्लेव की एमिटी ग्रीन सिटी में एनजीओ का काम करने वाले अतुल कुमार मिश्रा के घर पर रविवार देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग करते आरोपित नरेंद्र सोनी कैमरे में दिखा है। पुलिस ने अतुल की तहरीर पर नरेंद्र, उसके भतीजे सोनव और कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसीपी विभूतिखंड राधारमण सिंह ने बताया कि हमलावरों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लखनऊ समेत पड़ोसी जनपदों में दबिश दे रही हैं। टीमों के परिचारीजनों से पूछताछ कर उनके संभावित स्थानों के बारे में ब्योरा जुटाया जा रहा है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा। अतुल के मुताबिक वह मूल रूप से गोरखपुर सिघाड़िया के रहने वाले हैं। गाजियाबाद में उनकी ससुराल है। वहां वह एनजीओ का काम देखते हैं। घर पर वह पत्नी प्रिया परिचारीजन के साथ रहते हैं। अतुल ने बताया कि वर्ष 2023 में उन्होंने नरेंद्र को 49 लाख रुपये उधार दिए थे। वह 10 लाख बकाया नहीं दे रहे थे। अधिक जरूरत होने पर नरेंद्र से मांग की तो भतीजे सोनव संग गालीगलौज की थी। रविवार रात नरेंद्र, सोनव अपने कुछ साथियों के साथ कार से पहुंचे और घर पर धावा बोल दिया। गेट तोड़ने का प्रयास किया, विरोध पर मारपीट की। इसके बाद ताबड़तोड़ पांच राउंड गोलियां चलाईं थीं। गोलियों के निशान दीवार और फर्श पर पड़े हैं। इसके बाद धमकाते हुए भाग निकले।

अरशद के दो पड़ोसी समेत चार को लखनऊ लाई पुलिस

होटल हत्याकांड

- होटल में मां और चार बेटियों की हत्या हुई थी
- चारों कर्मचारियों से पूछताछ में मिली अहम जानकारियां

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। मलीहाबाद रेलवे मंडी के होटल शानजीत में पत्नी और चार बेटियों की हत्या के आरोपित बदर के दो पड़ोसियों समेत चार को पुलिस टीम ने पकड़ा। उन्हें रविवार रात लेकर लखनऊ आई उससे पूछताछ हुई। चारों से बदर के बारे में कई अहम जानकारियां मिली हैं। उसके आधार पर अब पुलिस की टीमें बदर की तलाश में दबिश दे रही हैं।

बताया जा रहा है कि हत्या के बाद बदर ने अपने पड़ोसी से फोन पर बात की थी। पुलिस ने उसके कॉल डिटेल्स के आधार पर उसे पकड़ा था। हालांकि, पड़ोसी अथवा अन्य के खिलाफ साक्ष्य अथवा किसी अन्य प्रकार की कोई भूमिका नहीं मिली है। पुलिस को चारों से पूछताछ में बदर के बारे में अहम जानकारियां मिली है। इसके बाद पुलिस की टीमें फिरोजाबाद, आगरा, बदायूं और कानपुर में सक्रिय हो गई हैं। एक जनवरी को शानजीत होटल में बदर ने बेटे अरशद के साथ मिलकर पत्नी और चार बेटियों की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। तीन बेटियों की हाथ की नस भी काटी थी। वारदात के बाद अरशद ने एक वीडियो जारी किया था। उसमें पड़ोसी को पांचों हत्याओं का जिम्मेदार ठहराया था। हत्याकांड के बाद अरशद का पिता बदर भाग निकला था।

बैंक लॉकर काटकर चोरी के मास्टरमाइंड का घर खंगाला

बैंक में सेंधमारी

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। अयोध्या हाईवे पर मटियारी पुलिस चौकी के पास इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के 42 लाकर काटकर 16 करोड़ से अधिक का माल उड़ाने वाले गिरोह के मास्टर माइंड विपिन को पुलिस ने सोमवार को पर खंगाला। पुलिस की टीम इंदिरानगर तकरोही स्थित उसके मकान में पहुंची। वहां तलाशी ली पर पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा।

इसके बाद पुलिस की टीम ने बुढ़वा, चेनहट, जानकीपुरम समेत कई अन्य इलाकों में भी माल की बरामदगी के लिए दबिश दी पर पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। पुलिस अब गाजीपुर जेल में बंद गिरोह के मास्टरमाइंड विपिन को 10 जनवरी को रिमांड पर लेगी। रिमांड पर लेने के बाद उसे लेकर सीतापुर स्थित उसके घर जाएगी। वहां माल बरामदगी के लिए छानबीन करेगी।

पुलिस कराएगी उपभोक्ताओं से जेवरों की शिनाख्त: थाना प्रभारी संदीप सिंह ने सोमवार पुलिस को 36 लाकरों से चोरी माल का ब्योरा अभी तक दिया है। सात लाकरों का ब्योरा बाकी है। ब्योरे के आधार पर पुलिस उपभोक्ताओं से संपर्क कर रही है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ने बताया कि जल्द ही उपभोक्ताओं से उनके जेवरों की शिनाख्त कराई जाएगी।

ARYAVART BANK (A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) **आर्यावर्त बैंक**

अंचल कार्यालय लखनऊ, कार्यालय भवन, 000/20/बी/L, गोमती नगर, पीआईबी रोड, बाबा साहेब अम्बेडकर के सामने, अम्बेडकर, लखनऊ

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) देखें]

अचल सम्पत्ति के बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के साथ पढ़ा गया। नोटिस जनता को दिया जाता है और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति को गिरवी रखा गया है, प्रतिभूति लेनदार को चार्ज किया जाता है, जिसका कब्जा आर्यावर्त बैंक जोकि सिक्योर्ड क्रेडिटर है जिसके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, "जो है जहां है, जैसा है" की नीचे दी गई तारीखों पर बेचा जाएगा।

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदारों एवं शाखा का नाम एवं पता	बकाया राशि / मांग सूचना की तिथि	अचल सम्पत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार	आरक्षित राशि (रु.) / धरोहर राशि (रु.) / बिड बढ़ोत्तरी राशि
1	1. श्री संतोष कुमार वर्मा पुत्र श्री छोटे लाल (ऋणी एवं बंधककर्ता), निजामपुर मल्हौर, सिंगहट, जिला-लखनऊ पिन-226010 2. श्री राज कुमार पुत्र श्री छोटे लाल (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता), निजामपुर मल्हौर, सिंगहट, जिला-लखनऊ पिन-226010 3. श्री राम गोपाल पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद (जमानतकर्ता), ग्राम-मल्हौर का पुरवा, पोस्ट मल्हौर, जिला-लखनऊ पिन-226010 4. श्री मोहम्मद अजाज पुत्र श्री रियाज अहमद (जमानतकर्ता), 167, लीलाई, न्यू एमिटी कैम्पस के पास पुरुष गोमती नगर जिला-लखनऊ पिन-227105 शाखा: लीलाई	रु. 60,76,790.07 दिनांक 26.05.2023 तक ब्याज एवं अन्य शुल्क 27.06.2023	1. प्लॉट स्थित खसरा सं. 44 व निजामपुर मल्हौर, गोमती नगर, लखनऊ, मालिक: श्री संतोष कुमार वर्मा पुत्र श्री छोटे लाल, चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार):- पूर्व- पत्नी का प्लॉट, पश्चिम- सालिया खातून का प्लॉट, उत्तर- सड़क 14 फीट चौड़ी, दक्षिण- आजाद दीगर 2. प्लॉट स्थित खसरा सं. 44 व, निजामपुर मल्हौर, गोमती नगर, लखनऊ, मालिक: श्री संतोष कुमार वर्मा पुत्र श्री छोटे लाल, चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार): पूर्व- आजाद, पश्चिम- सालिया खातून का प्लॉट, उत्तर- रिक्शा का प्लॉट, दक्षिण- 15 फीट चौड़ी सड़क भौतिक कब्जा	रु. 70.50 लाख रु. 7.05 लाख रु. 10,000/-
2	1. श्रीमती सुधा सिंह पत्नी अवधेश कुमार सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), निवासी प्लॉट संख्या-23-ए-4 कौशलपुरी कॉलोनी, खरगापुर, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ-226010 2. अवधेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम बहादुर (जमानतकर्ता), निवासी प्लॉट संख्या-23-ए-4 कौशलपुरी कॉलोनी खरगापुर-लखनऊ-226010 3. श्री निर्भय बहादुर सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह (जमानतकर्ता), निवासी 250 अवधपुरी खण्ड-2, गोमती नगर, खरगापुर, लखनऊ-226010 शाखा: गोमती नगर	रु. 14,73,842.76 दिनांक 28.01.2020 तक ब्याज एवं अन्य शुल्क 18.06.2020	प्लॉट संख्या 4, खसरा संख्या 1249 के को भाग, हनुमंत नगर, तकरोही, बाबा- शहीद भगत सिंह लखनऊ, मालिक: श्रीमती सुधा सिंह पत्नी अवधेश कुमार सिंह, चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार):- पूर्व- प्लॉट संख्या 4, पश्चिम- 21 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर- 21 फीट चौड़ी सड़क एवं कदम का पेड़, दक्षिण- अन्य का प्लॉट सांकेतिक कब्जा	रु. 49.84 लाख रु. 4.97 लाख रु. 10,000/-

इएमडी जमा करने के लिए विवरण:-खाता सं. 003500200000034, IFSC Code BKIDCARYAGB खाता नाम- एमबीडी ट्रांजक्शन जिसमें "ई-एमडी डिपॉजिट" कार्यवाही की होना चाहिए या बोलीदाता आर्यावर्त बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किये गये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा।

ई-नीलामी की दिनांक 07.02.2025 समय: प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 06.02.2025 शाम 4:00 बजे तक

नीलामी की नियम एवं शर्तें निम्नलिखित है

1. ई-नीलामी "जो है जहां है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर हमारे सहायता प्राप्त सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रकोरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (औक्शन टाइगर) के द्वारा संचालित की जायेगी।

2. सम्पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया, आस्तियों का विवरण सम्बन्धी दस्तावेज, ऑनलाइन ई-औक्शन बिड फार्म, घोषणा एवं अंडरटेकिंग फार्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें वेबसाइट- https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है। सम्पर्क - श्री विक्रम कुमार वर्मा, मो. 8601502532, श्री राम शर्मा, मो. 8000023297 हेल्प लाइन नं 9265562819/9265562821/079-6813 6842/6869 Email: support@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net पर सम्पर्क करें।

वैधानिक ब्याज प्रवर्तन नियम 2002 के अन्तर्गत (नियम 8(6)/नियम 9(1) वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना

इसे ई-नीलामी बिक्री की तारीख अंतर्गत उक्त ऋण के उधारकर्ता एवं जमानतकर्ता नियम को सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नोटिस के नियम 8(6)/नियम 9(1) के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांक: 07.01.2025 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

DICGC Since 1961 **निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम**
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

परिसमापक द्वारा तैयार जमा बीमा दावों में अग्रिम और लागत जमाकर्ता

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डी.आई.सी.जी.सी) परिसमापक द्वारा तैयार किए गए जमा बीमा दावों का निपटान डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 17 और 18 में निहित प्रावधानों के अनुसार करता है। परिसमापक द्वारा अग्रिम (जमाकर्ता किन्हें मृत्यु दावे की बकाया के साथ केवाईसी दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण भुगतान नहीं किया गया था)/लागत (जिन जमाकर्ताओं के दावों को मंजूरी दे दी गयी थी, लेकिन वे वितरित नहीं किए गए और डीआईसीजीसी को वापस कर दिए गए) निहित किए गए बीमित जमाकर्ताओं के दावों के लिए डीआईसीजीसी द्वारा प्रावधान किया गया है। लाइसेंसी सहकारी बैंकों (31 दिसंबर 2014 से पहले परिसमाप्त) के परिसमापकों को अनुरोध करते हैं कि वे ऐसे जमाकर्ताओं से संपर्क करें और दावे, यदि कोई हो, डीआईसीजीसी को प्रस्तुत करें। इन बैंकों के जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे भुगतान के लिए गए दावों के संबंध में अतिरिक्त रूप से वैध पहचान दस्तावेज/दस्तावेजों के साथ संबंधित परिसमापकों से संपर्क करें। बैंकों की सूची डीआईसीजीसी की वेबसाइट www.dicgc.org.in पर उपलब्ध है।

"सेवा देने का वादा करने वाले दलाल/पुनर्प्राप्ति/कॉल से सावधान रहें"

HOOGHLY RIVER BRIDGE COMMISSIONERS
(A Statutory Organisation under Govt. of West Bengal)
St. Georges' Gate Road, Kolkata-700 021
Ph. No. : 033-2253-4133/2248-5833
Email : direc.pldn@gmail.com

NOTICE INVITING ELECTRONIC BID (ABRIDGED)
NIeB No. HRBC/03/2nd Call/DIRPLDN/2024-2025

HRBC through Director (Pl & Dn), HRBC invites online E-Bid from the bidders through online e-procurement portal of the Government of West Bengal, viz. https://webtenders.gov.in from individual or Company registered under Company Act or Limited Liability Partnership Firm or Registered Partnership Firm, including Joint ventures, for the following work:

Name of the work: Collection of Toll at Vidyasagar Setu, Kolkata including handling, operation, maintenance (existing and upgraded systems), renewing and renovation, upgrading of existing electronically operated Toll Collection system as per requirement.

Period of Contract: 3(three) years.

Outline of major Eligibility Criteria: Minimum **3 years** experience of operating Toll Bridges or Toll Roads during the last **10 years** and experience of operating one Toll Bridge/Toll Road having at least **8 lanes** with fully electronically operated toll collection system for minimum one year, also experience of handling minimum **30,000** (thirty thousand) **vehicles per day** in any single Toll Bridge/Toll Road at a single location in India. The bidder's minimum average annual Toll collection over the last **3 years** in all of its locations in India should be **Rs. 35** (thirty five) **crore**. The bidder must have average annual Turn Over of **Rs. 150** (one hundred fifty) **crore** for the last 3 years and a Net Worth of at least **Rs. 100** (one hundred) **crore** as on **31.03.2024**

Earnest Money / Bid Security: Rs. 2,20,00,000/-.

Closing date of Bid submission (online): **28.01.2025 at 13.00 HRS.**

The NIeB containing the details of scope of work, eligibility criteria, terms and conditions of contract etc. can be obtained from **https://webtenders.gov.in.**

The prospective bidders may consult the websites: **https://webtenders.gov.in** and **www.hrbc.org.in** regularly to see Corrigenda/Addenda which may be issued by HRBC from time to time.

Sd/-
Director (Pl. & Dn.), HRBC

PIMPRI CHINCHWAD MUNICIPAL CORPORATION
CIVIL HO
TENDER NOTICE No: - CIVIL GARDEN AND SPORTS 53/1/2024-2025

Offers by way of e-tendering (Percentage) are invited by the City Engineer, Civil Pimpri Chinchwad Municipal Corporation from contractors in e-tendering system for following works.

1) The contractor shall quote his Percentage offer on the Cost of work excluding Royalty and material testing charges as mentioned below.
2) The offer for work shall be exclusive of GST. The GST at the applicable rate shall be paid separately by PCMC for work.
3) Regarding the Royalty, the policy that the corporation determines will be binding on you.

Sr. No	Name of work	Estimated cost put to the Tender (Rs) (4+6)	Material testing charges (Rs)	Royalty (Rs)	Material Testing Charges (Rs)	Earnest money (Rs)	Security Deposit (Rs)	Time limit in calendar Months	Cost of Tender Document + with GST (Non Refundable) (Rs.)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	Development of New sports Complex & civil works at Madanlal Dhingra Maidan in ward A	23,40,50,264	23,37,59,419	16,44,410	2,90,845	11,70,251	1,17,02,520	24	37,430

Time table for the tenders shall be as follows:	
Online sale of tenders	Date - 07/01/2025 to Date - 03/02/2025
Last date of submission of tenders	Date - 03/02/2025 up to 3.00 pm
Pre Bid Meeting Date & Time	Date - 20/01/2025 at 2.30 pm
Place of Pre Bid Meeting	PCMC Commissioner Office, 4th floor
Date of opening of tenders	Date - 05/02/2025 at 3.00 pm (if possible)

The Municipal Commissioner PCMC reserves the right to accept or reject any tender partially or completely without any reason thereof. The details of above works, such as Security Deposit, Earnest Money Deposit, Terms & Conditions of the Tender and Schedule of works, are available on web site www.pcmcindia.gov.in, http://mahatenders.gov.in. In case of any technical problem related to the tender document, the same can be referred to the NIC email support at eproc@nic.in or on telephone numbers 0120-4200462, 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-627787.

Sd/-
(Makrand Nikam)
Chief Engineer,
Pimpri Chinchwad Municipal Corporation,
Pimpri, Pune – 411 018.

ADVT No: 2024-25/368
No: ENGG/CIVIL HO/16/02/2025
Date : 06/01/2025

Scanned with OKEN Scanner